# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली गई तिरंगा साइकिल रैली

**नवभारत न्यूज**

**सतना 12 अगस्त. राज्य शासन के निर्देशानुसार सतना जिले में 2 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव-स्वच्छता के संग अभियान चलाया जा रहा है। कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद की पहल पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने संभाग के सभी जिलों में प्रत्येक मंगलवार को साइकिल डे मनाया जाता है।**

इस दिन सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी पेट्रोल और डीजल चलित वाहन का उपयोग



नहीं करते हुए साइकिल द्वारा घर से कार्यालय आना-जाना करते हैं। दूसरे मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस परेड ग्राउंड से कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में तिरंगा साइकिल यात्रा निकाली गई। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित सभी अधिकारी अपने-अपने घर से साइकिल पर तिरंगा झंडा लगाकर पुलिस परेड ग्राउंड पहुंचे और तिरंगा साइकिल रैली में शामिल हुए। कलेक्टर ने हरी झण्डी दिखाकर तिरंगा साइकिल रैली को पुलिस परेड ग्राउण्ड से रवाना किया और स्वयं भी रैली में शामिल हुए। तिरंगा साइकिल रैली कोठी तिराहा, सिविल लाइन चैक, राजेन्द्र नगर, जवाहर नगर होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। रैली के समापन पर कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों तथा सभी प्रतिभागियों को कलेक्टर द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। साइकिल डे के अवसर पर अधिकारी-कर्मचारी साइकिल चलाते हुए रैली के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित अपने दफ्तर पहुंचे।

### यात्रा में ये रहे शामिल

साइकिल तिरंगा रैली में नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, एसडीएम राहुल सिलाडिया, डिप्टी कलेक्टर बीके मिश्रा, तहसीलदार सौरभ मिश्रा, जिला आबकारी अधिकारी नवीनचन्द्र पाण्डेय, आरटीओ संजय श्रीवास्तव, खेल अधिकारी एसपी तिवारी सहित अधिकारी-कर्मचारी तथा बडी संख्या में छात्र-छात्रायें शामिल हुए।

### आज भी होगा आयोजन

संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण भोपाल के निर्देशानुसार नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करने और तिरंगे के साथ एक व्यक्तिगत और भावनात्मक जुडाव बनाने के लिए तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया जायेगा। तिरंगा रैली यात्रा 13 अगस्त को प्रातः 10.15 बजे पुलिस परेड ग्राउण्ड से प्रारंभ होकर कोठी चैराहा, सिविल लाइन चैराहा, सिविल लाइन चैपाटी होते हुए कार्यालय पुलिस अधीक्षक शहीद स्मारक पर समाप्त होगी। कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने जिला शिक्षा अधिकारी सतना, पीएम श्री शा. स्वशासी महाविद्यालय सतना के प्राचार्य, शा. कन्या इंदिरा महाविद्यालय के प्राचार्य, स्काउट गाईड एनसीसी उच्च शिक्षा एवं शिक्षा विभाग, एनएसएस तथा जिला समन्वयक जन अभियान परिषद एवं छात्र-छात्राओं को तिरंगा रैली यात्रा के आयोजन में शामिल कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

## श्रद्धालुओं से भरा ऑटो पलटा, महिला सहित 2 की मौत

### 7 घायल, एक गंभीर, पोड़ी महाराजपुर घाट पर हुई घटना

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 अगस्त. जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत परसमनिया पहाड़ स्थित महाराजपुर घाट पर मंगलवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा सामने आया। ऑटो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से जहां उसमें सवार एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई। वहीं 7 यात्री बुरी तरह से घायल हो गए।**



ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कर्मदेश्वरनाथ धाम से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं का ऑटो अनियंत्रित होकर घाट से करीब 20 फीट नीचे पलट गया। हादसे में ऑटो सवार सत्यरूपा केवट (48) निवासी कृपालपुर गांव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 8 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल सतना में भर्ती कराया गया। जहां पर भर्ती कर उनका उपचार शुरू हुआ। घटना शाम करीब 5.30 बजे की बताई गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परसमनिया चौकी प्रभारी रामावतार सिंह पटेल और पोड़ी चौकी प्रभारी अनिल तिवारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सत्यरूपा के शव को उचेहरा अस्पताल भेज दिया। पोस्टमॉर्टम बुधवार को होगा। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महाराजपुर घाट में अत्यधिक ढलान होने के कारण

### अस्पताल में दम तोड़ा

दुर्घटना में बुरी तरह घायल संतोष मल्लाह पिता स्व. देवीदीन (55) निवासी धवारी गली 5 थाना सिटी कोतवाली ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इसी कड़ी में दुर्घटना में घायल द्रौपदी केवट 55 वर्ष की हालत गंभीर होने पर उन्हें आगे के उपचार के लिए रीवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहीं घायल अविनाश चौधरी (17), मोनम केवट (30), बबली मल्लाह (25), और संध्या मल्लाह (30) निवासी कृपालपुर का उपचार जारी है। जबकि दो अन्य मामूली घायलों को उचेहरा अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### विधायक ने व्यक्त की संवेदना

नागौद विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह ने घटना पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे विधानसभा उचेहरा थाना क्षेत्र के पोड़ी महाराजपुर घाट पर एक दुखद सड़क हादसे में कर्दमेश्वरनाथ धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं का ऑटो पलट गया। इस घटना में कृपालपुर निवासी एक महिला की मौके पर ही दुखद मृत्यु हो गई, जबकि 10 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दे। घायल सभी लोगों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। इस दुख की घड़ी में मेरी पूरी संवेदना पीड़ित परिवारों के साथ है।

### सांसद ने जताया शोक

**सतना, 12 अगस्त.** उचेहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोड़ी महाराजपुर घाट में हुई दुखद ऑटो दुर्घटना में मृतकों के प्रति सतना सांसद गणेश सिंह ने गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। साथ ही, सांसद ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए सीएमएचओ और कलेक्टर से बात कर घायलों के समुचित इलाज के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं।

## आवश्यक साक्ष्य एकत्रित कर वापस लौटी कानपुर पुलिस

### दोहरे हत्याकाण्ड के आरोपी के होटल में आत्महत्या किए जाने का मामला

**नवभारत न्यूज**

**सतना 12 अगस्त. कानपुर में दो लोगों की हत्या करने के बाद सतना पहुंचे आरोपी ने होटल के कमरे में फंदे पर लटक कर जान दे दी थी. इस मामले की जानकारी होने पर कानपुर पुलिस की टीम भी जांच करने के लिए मंगलवार को सतना पहुंची. आवश्यक साक्ष्य एकत्रित करने के बाद पुलिस टीम वापस कानपुर के लिए लौट गई.**



शहर के सेमरिया चौक के निकट स्थित होटल सिद्धांत के कमरा नंबर 27 में सोमवार को एक युवक का शव फंदे पर लटके पाए जाने से सनसनी फैल गई. लेकिन इस मामले की जांच करने पहुंची पुलिस के सामने उस वक्त चौंकाने वाला खुलासा सामने आया जब उन्हें इस बात की जानकारी मिली कि फंदे पर लटक कर जान देने वाला युवक दरअसल दोहरे हत्याकाण्ड का आरोपी है. कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी के नेतृत्व में शुरु हुई जांच के जरिए मृतक की पहचान बर्रा विश्व बैंक के ए ब्लाक थाना हनुमंत विहार निवासी आकाश विश्वकर्मा उम्र 30 वर्ष के तौर पर हुई थी. जिसे देखते हुए थाना प्रभारी द्वारा कानपुर उप्र की पुलिस से संपर्क साधा गया. जहां से इस बात की जानकारी मिली कि मृतक आकाश ने कानपुर में एक किन्नर और उसके ममेरे भाई की हत्या कर दी थी. जिसके चलते कानपुर पुलिस द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी. मामले की गंभीरता को देखते हुए कोलगवां पुलिस द्वारा बारीकी से घटनास्थल की जांच करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटनाक्रम की जानकारी कानपुर पुलिस से साझा कर दी.

### साक्ष्यों का होगा मिलान

इसी कड़ी में मंगलवार को कानपुर उप्र के हनुमंत विहार थाने में तैनात उनि दिवाकर पाण्डेय और प्रधान आरक्षक प्रदीप वर्मा सतना पहुंच गए. इस दौरान पुलिसकर्मियों ने होटल पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज की जांच की. इसके साथ ही आरोपी के होटल में ठहरने से संबंधित दस्तावेज भी खंगाले गए. इसके अलावा कोलगवां थाने पहुंचकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट सहित अन्य आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए गए. लगभग 5 घंटे तक घटना से संबंधित आवश्यक साक्ष्य एकत्रित करने के बाद कापुर पुलिस के उनि और प्र आरक्षक वापस लौट गए. बताया गया कि सतना से एकत्रित साक्ष्यों का मिलान कानपुर में हुए दोहरे हत्याकाण्ड की घटना के साथ किया जाएगा. जिसके जरिए वहां पर हुई घटना की जांच में स्पष्टता आ सकेगी.

## स्कूल वैन की टक्कर से वृद्ध की मौत, रामपुर बघेलान के कुलुहा की घटना

**नवभारत न्यूज**

**सतना 12 अगस्त. जिले के रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत कुलुहा गांव में मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटना के चलते एक वृद्ध की मौत हो गई. घर से निकलकर खेत की ओर जा रहे वृद्ध को स्कूल वैन ने पीछे से टक्कर मार दी. गंभीर तौर पर घायल वृद्ध ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामपुर बघेलान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुलुहा निवासी वृद्ध रामबहोर साकेत मंगलवार की सुबह अपने घर से खेत की ओर जा रहे थे. बताया गया कि जैसे ही वे घर से निकलकर कुछ दूरी पर पहुंचे वैसे ही पीछे से आर रही एक तेज रफ्तार स्कूल वैन ने उन्हें टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि रामबहोर गंभीर तौर पर घायल होकर नीचे गिर गए. जिसके फौरन बाद ही स्कूल वैन का चालक वहां से वाहन सहित भाग निकला. उसी दौरान उक्त मार्ग से होकर रिछारी के उप सरपंच सूर्यप्रताप सिंह गुजरे. वृद्ध रामबहोर को लहुलुहान हआलत में घायल पड़ा देख वे उन्हें लेकर रामपुर बघेलान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए. जहां पर वृद्ध की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सतना के लिए रेफर कर दिया गया.

लेकिन जिला अस्पताल में उपचार के बावजूद भी वृद्ध रामबहोर की हालत और बिगड़ती चली गई. लिहाजा कुछ समय बाद उन्होंने दम तोड़ दिया. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस द्वारा प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है.

## ब्लैकमेलिंग और शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 अगस्त. किराये के मकान मे रहने वाली युवती को फोन के जरिये जान पहचान बनाकर शारीरिक संबंध बनाने एवं विडियो वायरल करने की धमकी देने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने रीवा जिले के डभोरा क्षेत्र से दबोच लिया।**



थाना प्रभारी सिटी कोतवाली रावेन्द्र द्विवेदी से प्राप्त जानकारी के अनुसार महीने भर पहले गुमशुदा फरियादिया अपनी मां के साथ थाने में आकर शिकायत की थी। ?रियादिया ने पुलिस को बताया कि फोन के द्वारा पूर्व से बातचीत करने व पहचान होने से तरूण पाठक उसके किराये के मकान मे आया। तब आरोपी के द्वारा घर मे सूनापन होने के कारण फरियादिया के साथ जबरन गलत काम किया और फिर फरियादिया से उसकी फोटो माग लिया। उसी फोटो से बार बार मिलने के लिये ब्लैकमेल करने लगा। भय के कारण फरियादिया चुपचाप रही। इसी कड़ी में आरोपी तरूण पाठक द्वारा पुनः फोन करके डभौरा रेल्वे स्टेशन बुलाया गया। जहां से जंगल की ओर ले जाकर दोबारा दुष्कर्म किया। जिसके बाद वही जंगल मे छोड दिया। तब पीडिता के द्वारा किसी तरह वापस अपने घर आकर पूरी बात अपनी मां को बतायी गई। पीडिता के रिपोर्ट पर तत्काल मुकदमा कायम कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी अपने को गिरफ्तारी से बचाने के लिये अपने आप को छुपाता रहा व पुलिस को चकमा देता रहा। परन्तु टीम के लगातार प्रयास के चलते आरोपी को मंगलवार को दोंदर डभौरा से गिरफ्तार कर लिया गया।

## व्यापारी को लूटने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 अगस्त. जिले के मझगवां थाना क्षेत्र में एक व्यापारी से दिनदहाड़े लूट की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घटना में इस्तेमाल की गई कारों, मोटरसाइकिल, हथियार तथा नकदी समेत करीब 15 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की है।**

जानकारी के अनुसार फरियादी राजा सीतलानी निवासी जैतवारा ने 11 अगस्त को मझगवां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह अपने बड़े भाई विक्की सीतलानी की संगम निरमा एजेंसी में मुनीम का काम करते हैं। उस दिन वह अपने भाई के साथ निरमा बिक्री का पैसा वसूलने के लिए मझगवां की ओर आए थे। भाई को मझगवां में छोड़?र वह अकेले मोटरसाइकिल से ग्राम पिण्डरा के दुकानदारों से पैसा लेने गए। पैसा वसूलने के बाद दोपहर करीब 2˜30 बजे मझगवां वापस लौटते समय टावर के पास पहुंचे, तभी पीछे से एक बिना नंबर की ग्रे कलर की अल्टो कार ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इससे वह मोटरसाइकिल समेत नीचे गिर गए। तुरंत अल्टो कार से एक व्यक्ति उतरा और उनके पैसों से भरे झोले को छीनकर कार में बैठकर मझगवां की ओर भाग गया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विष्णुकांत द्विवेदी, व्यास विश्वास, आयुष गुप्ता, आदर्श पासवान, अमित यादव को पकड़ लिया। वहीं वारदात में प्रयुक्त एक स्विफ्ट डिजायर कार, बिना नंबर की अल्टो कार, एक हीरो सुपर स्प्लेंडर, मोटरसाइकिल, एक 315 बोर का देशी कट्टा, जिंदा कारतूस सहित 78 हजार नकदी बरामद की है।



## स्वशासी में मनाया गया शहीद पद्मधर सिंह का बलिदान दिवस

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 अगस्त. सतना की मिट्टी के सपूत शहीद लाल पद्मधर सिंह जी के बलिदान दिवस का आयोजन आज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समारोह पूर्वक मनाया गया . इसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर श्री भूपेंद्र सिंह तथा ब्रिगेडियर श्री देवेंद्र सिंह जी उपस्थित रहे ।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुरेश चंद्र राय ने किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए ब्रिगेडियर श्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि शहीद लाल पदमधर सिंह का बलिदान देश और समाज हमेशा के लिए याद रखेगा वह बचपन से ही स्वाभिमानी व्यक्तित्व वाले थे और उन्होंने स्वाभिमान से कभी समझौता नहीं किया और अंतत देश के लिए शहीद हो गए ।गुलामी का जीवन उनका स्वीकार नहीं था । विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर श्री देवेंद्र सिंह ने कहा कि आज शहीदों की धरोहर को संजोकर जरूर रखना की आवश्यकता है ताकि हमारी अगली पीढ़ी उसे याद रख सके ।इसलिए इसलिए हम लोगों का यह दायित्व बनता है कि शहीदों की विरासत को सहेज कर रखें ।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुरेश चंद्र राय ने कहा कि शहीद पद्मधर सिंह जी का बलिदान राष्ट्रीय आंदोलन में सतना की एक आहुति है जिसको इतिहास में स्वर्णिम पन्नों में लिखा जाएगा। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सपनों को साकार करने में शिक्षकों को भूमिका विषय पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया जिसमें डॉक्टर मनोज सिन्हा एवं डॉक्टर ऐसी राय ने अपने विचार रखें . शहीद पद्मधर सिंह के बलिदान पर आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत में देशभक्ति आधारित गीत एवं सावन मास के अवसर पर गई जाने वाली वाले लोकगीत कजरी का भी प्रस्तुतीकरण किया गया.

कार्यक्रम में एन एस एस एवं एन सी सी के कैडेट्स सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक को और छात्रों ने उत्साह पूर्व भाग लिया।

## स्वदेशी अपनाओ जन जागरण यात्रा आज

**सतना, 12 अगस्त.** विन्ध्य चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज सतना द्वारा स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से सभी व्यवसायियों एवं आम जन को स्वदेशी अपनाने की प्रेरणा हेतु जन जागरण यात्रा का आयोजन आज बुधवार सायं 4 बजे किया गया है। चेम्बर महामंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि स्वदेशी जागरण यात्रा बुधवार को सायं 04 बजे जयस्तम्भ चौंक सतना से प्रारम्भ होकर स्टेशन रोड से पन्नीलाल चौक होते हुवे वापस जयस्तम्भ चौक सतना मे समाप्त होगी।

## कुष्ठ-हेपेटाईटिस नियंत्रण के लिए प्रशिक्षण

**नवभारत न्यूज**

**सतना 12 अगस्त. राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन एवं राष्ट्रीय वाइरल हेपेटाईटिस कंट्रोल कार्यक्रम के अंतर्गत फील्ड स्टॉफ को जीएनएम धवारी सेंटर में प्रशिक्षण दिया गया.**



जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डॉ. अमर सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ. नम्रता द्विवेदी और एपिडियमोलाजिस्ट डॉ. प्रदीप गौतम की मौजूदगी में मंगलवार की सुबह जीएनएम धवारी सेंटर में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन एवं राष्ट्रीय वाइरल हेपेटाईटिस कंट्रोल कार्यक्रम के अंतर्गत फील्ड स्टाफ का प्रशिक्षण आरंभ हुआ. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, सीपीएचसी सलाहकार एनएचएम डॉ. ज्ञानेश तिवारी, जिला चिकित्सालय के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. विनय मोहन तिवारी, सिविल अस्पताल मैहर के चिकित्सक डॉ. राजकुमार पाण्डेय, नीरज सिंह तिवारी, ममता सिंह, आईसीटीसी स्टाफ ज्योति पाण्डेय, रिया तिवारी, टीआई एनजीओ के साथ-साथ सभी विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम, सभी डिलेवरी प्वाइंट प्रभारी, सभी एनएमए और लैब टेक्नीशियन को प्रशिक्षण दिया गया.

## कृपालपुर में याद किया गया लाल पद्मधर का बलिदान

### शहीद लाल पद्मधर सिंह के स्मृति में जन्म स्थान कृपालपुर में बलिदान दिवस कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 12 अगस्त. विंध्य भूमि के वीर सपूत शहीद लाल पद्मधर सिंह के जन्म स्थान कृपालपुर स्थित अमर शहीद लाल पद्मधर सिंह पार्क में मंगलवार को बलिदान दिवस मनाया गया। नगर निगम द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शहीद के परिजन, जनप्रतिनिधि, नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।**

कार्यक्रम में शहीद लाल पद्मधर सिंह की प्रतिमा पर उपस्थित लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके पश्चात राष्ट्रध्वज फहराया गया और राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीत और कहानियां प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। वक्ताओं ने शहीद लाल पद्मधर सिंह की शौर्य गाथाओं और उनके अदम्य साहस से जुड़े संस्मरण साझा किए, जिसने सभी को मातृभूमि के प्रति उनके बलिदान की महत्ता का स्मरण कराया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर योगेश ताम्रकार ने अपने संबोधन में राष्ट्रभक्ति से प्रेरित विचार व्यक्त किए। उन्होंने शहीद लाल पद्मधर सिंह के जीवन और उनके देश के प्रति समर्पण की चर्चा करते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में पार्क परिसर में पौधरोपण का आयोजन भी किया गया, जिसने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

### /ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर शहीद लाल पद्मधर सिंह के परिजनों में ब्रिगेडियर भूपेंद्र सिंह और देवेंद्र सिंह उपस्थित रहे। इसके आलावा आयुक्त शेर सिंह मीना, विधायक सुरेंद्र सिंह गहरवार, स्पीकर राजेश चतुर्वेदी पालन, पूर्व महापौर ममता पाण्डेय, वरिष्ठ भाजपा नेता बालकृष्ण शुक्ला, पार्षद तिलकराज सोनी, पार्षद राजेश कुमार सूर्यवंशी, पार्षद सुनीता चौधरी, पार्षद एवं डायरेक्टर स्मार्ट सिटी महेंद्र पाण्डेय, पार्षद सूर्यपाल सिंह , पूर्व पार्षद शैलेंद्र दहायत सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

## एक नजर में



### परेड कर रहे स्काउट गाइड से मिले पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष

**सतना।** स्वतंत्रता दिवस में जिला स्तरीय परेड हेतु भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ सतना का स्काउट एवं गाइड का दल निरंतर परेड अभ्यास में लगा हुआ है स्काउट गाइड के परेड अभ्यास के दौरान भारत स्काउट एवं गाइड मध्य प्रदेश भोपाल के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद तिवारी एवं आजीवन सदस्य प्रतिनिधि अभिषेक दत्त पांडे सिविल लाइन सतना परेड ग्राउंड उपस्थित होकर के स्काउट गाइड से आमने-सामने मुलाकात की एवं उनका हाल-चाल लिया ,बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की ।इस अवसर पर जिला संगठन आयुक्त स्काउट से विश्वनाथ मिश्र, रोवर लीडर पुष्पेंद्र नामदेव ,अर्चित तोमर ,संदीप पटेल एवं स्काउट गाइड उपस्थित रहे ।



### कलेक्टर ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**सतना.** भारत सरकार के सूचना प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो रीवा के द्वारा 13 एवं 14 अगस्त को चलने वाले दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम, विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस एवं हर घर तिरंगा पर आयोजित होने वाले प्रदर्शनी के पूर्व प्रचार हेतु जागरूकता रथ को कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने मंगलवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जागरूकता रथ 13 एवं 14 अगस्त को शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय सतना में चलने वाली प्रदर्शनी जो कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरगाथा, विभाजन विभीषका स्मृति दिवस एवं हर घर तिरंगा अभियान पर आधारित है।

CMYK